हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 31 अक्टूबर 2025

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 पांच किलो आटे से शुरू हुई पुरानी परंपरा...



10 महिला कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए योग्य उम्मीदवार...



## खबर संक्षेप

### आज मंडी में नहीं होगी धान की नीलामी

**विदिशा।** खराब मौसम और बारिश की संभावना को देखते हुए आज शुक्रवार को कृषि उपज मंडी में नीलामी बंद रहेगी। उल्लेखनीय है कि इस समय मंडी में धान की आवक हो रही है। कृषि उपज मंडी समिति ने किसानों से अपील की है कि आज शुक्रवार को मंडी में अपनी उपज लेकर न आएं। शनिवार से सभी उपज की पूर्व की तरह नीलामी होगी।

### नवोदय विद्यालय में जागरूकता सप्ताह शुरू



**शमशाबाद।** भारत सरकार के निर्देशानुसार सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय में 27 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक किया जा रहा है। कार्यक्रम के शुभारंभ पर सभी कर्मचारियों ने सतर्कता प्रतिज्ञा ली। प्राचार्य जितेन्द्र कुमार ने कहा कि सत्यनिष्ठा और ईमानदारी से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। विद्यार्थियों ने जागरूकता फैलाने हेतु नुक्कड़ नाटक, कविता, भाषण, रंगोली, पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिताओं में भाग लिया। सेमिनार को संबोधित करते हुए उप-प्राचार्य वीके तिवारी ने कहा कि भ्रष्टाचार राष्ट्र के विकास में बड़ी बाधा है और इसे समाप्त करने के लिए सभी को दृढ़ संकल्पित होना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन सीसीए प्रभारी एमके वर्मा ने किया।

### गीता ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन



**विदिशा।** विश्वगीता प्रतिष्ठान द्वारा गुरुवार को नगर के प्रमुख 9 स्कूलों एवं ग्रामीण क्षेत्र के अहमदानगर हाई स्कूल में गीता ज्ञान के प्रति जागृति लाने के उद्देश्य से गीता ओलंपियाड प्रतियोगी परीक्षा का प्रथम चरण आयोजित किया गया। इस परीक्षा में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थी शामिल हुए, जिसमें भाग 1 में कक्षा 6 से 8 और भाग 2 में कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थी सम्मिलित हुए। आगामी चरण जिला, प्रांतीय एवं अखिल भारतीय स्तर पर दिसंबर के अंतिम सप्ताह में होंगे। प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थी को 11 हजार, द्वितीय को 5 हजार तथा तृतीय को 3 हजार के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि विश्वगीता प्रतिष्ठान लगातार तीसरे वर्ष गुना, शिवपुरी, दमोह, दतिया सहित विभिन्न जिलों में इस परीक्षा का सफल आयोजन कर रहा है।

### डॉ. एमके.जैन शिशु बाल अकादमी के एग्जीक्यूटिव बोर्ड सदस्य चुने गए

**विदिशा।** भारतीय शिशु बाल अकादमी में डॉ. एम. के. जैन मध्य प्रदेश से एग्जीक्यूटिव बोर्ड मेम्बर चुने गए हैं। विदिशा शाखा के संस्थापक अध्यक्ष रह चुके डॉ. जैन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं और वर्तमान में आईएमए की केंद्रीय कार्यकारिणी में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इसी अवसर पर उनके पुत्र डॉ. मोहित जैन ने इंदौर स्थित श्री अरविंदो इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज से एमडी पीडियाट्रिक्स उत्तीर्ण कर सफलता अर्जित की है। डॉ. एमके जैन ने कहा कि वे प्रदेश के बच्चों के हित में कार्य करने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे और सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।



## 108 मंदिरों के ध्वज के साथ हुई उदयगिरि की परिक्रमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

आंवला नवमी को निकलने वाली ध्वज परिक्रमा शुक्रवार सुबह 9 बजे पं. चंद्रकिशोर मिश्र शास्त्री के निवास पर सामूहिक पूजा-पाठ के साथ शुरू हुई। शहर के 108 मंदिरों के ध्वज शास्त्री के निवास पर एकत्रित हुए। सभी मंदिरों के ध्वज की सामूहिक पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद उदयगिरी परिक्रमा शुरू हुई। जो बक्सरिया वाटर वर्क्स होते हुए राम घाट, महल घाट, शनि मंदिर होते हुए वापस रामलीला मेला समिति पहुंची। जहां परिक्रमा का समापन हुआ। 135 वर्षों से निरंतर यह यात्रा निकल रही है। आपातकाल और कोरोना काल में भी यह यात्रा निकाली गई, लेकिन कभी यात्रा में ब्रेक नहीं लगा। कार्तिक मास की अक्षय नवमी पर्व पर श्रीरामलीला मेला के संस्थापक, प्रथम धर्माधिकारी, धर्मदिवाकर कैलाशवासी पं. विश्वनाथ शास्त्री द्वारा 135 वर्षों पूर्व प्राचीनतम उदयगिरी परिक्रमा की शुरुआत की थी। रास्ते में पड़ने वाले हर मंदिर पर पूजा और आरती की गई।



### शाम को पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, सांसद खेल महोत्सव का किया शुभारंभ

# खेल स्टेडियम निर्माण की घोषणा, अगला चुनाव नगर निगम का होगाः मोहन यादव

**30 अक्टूबर से 25 दिसंबर तक चलेगा महोत्सव, 37 हजार अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे।**



विदिशा। सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ करने रात में पहुंचे मुख्यमंत्री मोहन यादव और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

गुरुवार देर शाम मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और क्रिकेट खिलाड़ी कपिल देव सांसद महोत्सव का शुभारंभ करने खेल स्टेडियम पहुंचे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर संसदीय क्षेत्र में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने विदिशा संसदीय क्षेत्र के खेल महोत्सव के शुभारंभ की घोषणा की। उन्होंने कहा की विदिशा में अगला चुनाव नगरनिगम का ही होगा। इसके लिए किन-किन गांवों का जोड़ा जाना है उनकी जानकारी दें। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि खेलमंत्री के साथ मिलकर विदिशा में खेल स्टेडियम निर्माण किया जाएगा। अपने भाषण में सीएम ने कपिल देव से कहा कि हम किसी को छोड़ते नहीं आपको भी नहीं छोड़ेंगे। हरियाणा से आपका भी मौका आएगा। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा में 1983 में कॉलेज पढ़ता था। तब सोच नहीं सकते थे की भारत वर्ल्ड कप जीत सकता है। उन्होंने कहा की कपिल देव ने 175 नॉट आउट की ऐसी पारी खेली की क्रिकेट के इतिहास में अमर हो गए। मुझे याद है कि विलियम रचर्ड का विकेट झटक कर कपिल देव ने मैच जिताया था। उन्होंने कहा सांसद खेल महोत्सव अपने तरह का अलग कार्यक्रम है और शरीर को स्वस्थ्य रखने का सबसे सशक्त माध्यम खेल है। उन्होंने कहा कि स्थानीय खेलों को भी महोत्सव में जगह दी गई है। खेल मंत्री से आग्रह करेंगे की केंद्र और राज्य मिलकर विदिशा में खेल स्टेडियम का निर्माझा कराया जाए। कार्यक्रम में विदिशा विधायक मुकेश टंडन, शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा, सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा, विधायक हरिसप्रे, विधायक हरिसिंह रघुवंशी, जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा भी मौजूद रहीं।

#### विजेताओं को पुरस्कार

विधानसभा स्तर पर विजेताओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार के रूप में 1.5 लाख, 1 लाख और 50 हजार रुपए के पुरस्कार मिलेंगे। सांसद स्तरीय प्रतियोगिताओं में 2.5 लाख, 2 लाख और 1.5 लाख रुपए के आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं।

#### कभी खिलाड़ियों के साथ खेलने भी आऊंगाः कपिल देव

दो दिन में मैने इतना कुछ जाना की शब्दों में बयां नहीं कर सकता। छोटे से शहर में इतना बड़ा यह आयोजन यह पिक्चर दिखाता है कि आने वाला फ्यूचर कैसा होगा। उन्होंने कहा कि खेलमंत्री खराब मौसम के कारण नहीं आ सके। उसके लिए मैं क्षमा चाहता हूं। इस दौरान कपिल देव जिंदाबाद के नारे लगे तो। उन्होंने कहा कि मुझे इलेक्शन नहीं लड़ता है न ही मुझे राजनीति के बारे में पता है। उन्होंने कहा खेल जितने जरुरी हैं उतना ही जरुरी पढ़ाई भी है। उन्होंने कहा एक बार दिन के समय आऊंगा और खेलने का मौका मिला तो खिलाड़ियों के साथ खेलूंगा।

## कम भाव मिलने पर मक्का छोड़ने की चर्चा, मंडी समिति ने व्यापारी की बताई

**मंडी समिति ने कहा व्यापारी ने सूखने के लिए रखी**



सूचना पर मंडी पहुंचे कांग्रेस जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिले की कृषि उपज मंडी में किसानों की नाराजगी सामने आई है। मंडी में कम भाव मिलने परे 40 क्विंटल मक्का किसान द्वारा फेककर जाने का मामला सामने आया। लेकिन मंडी सचिव नीलकमल वैद्य ने दावा किया है कि यह किसान की मक्का नहीं है। यह तो गल्ला व्यापारी मां नर्मदा इंटरप्राईजेज की है। व्यापारी ने सूखने के लिए मंडी प्रांगण में फैलाकर रखी है। व्यापारी ने नीलामी में यह मक्का खरीदी है।

#### कांग्रेस नेता पहुंचे, बताई प्रशासन की लापरवाही

घटना की जानकारी मिलते ही कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी मंडी पहुंचे। उन्होंने किसानों से चर्चा की और उस स्थान का भी निरीक्षण किया जहां मक्का छोड़ा गया था। रघुवंशी ने आरोप लगाया कि मंडी में व्यापारियों की मनमानी चल रही है। किसान को न समर्थन मूल्य मिल रहा, न उचित दाम। वहीं कांग्रेस नेता सुजीत देवालिया ने कहा सरकार ने मक्का का समर्थन मूल्य 2250 तय किया है। फिर भी 600 में नीलामी प्रशासन की नाकामी और लापरवाही दर्शाता है।

#### किसानों का विरोध भावांतर योजना ठुकराई

किसानों ने मंडी में सही भाव दिलाने की मांग की हैं। उन्होंने कहा कि भावांतर योजना उनके लिए फायदे की नहीं है, इसलिए इसे वे स्वीकार नहीं करेंगे। वहीं, कृषि उपज मंडी की सचिव नीलकमल वैद्य ने स्पष्ट किया कि उन्हें इस किसान के बारे में कोई औपचारिक जानकारी नहीं है। उन्होंने बताया कि नीलामी के दौरान किसी ने आपत्ति नहीं जताई थी और यदि किसान शिकायत करता तो उपज की दोबारा नीलामी कराई जा सकती थी।

### सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर एसएटीआई कॉलेज से आज होगी ‘रन फॉर यूनिटी दौड़’

**विदिशा।** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर 'रन फॉर यूनिटी' दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। यह दौड़ लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य समाज में राष्ट्रीय एकता और भाईचारे का संदेश देना है। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने बताया कि यह एकता दौड़ आज सुबह 8 बजे एसएटीआई कॉलेज से शुरू होगी और विवेकानंद चौराह पर समाप्त होगी। इस आयोजन में पुलिस प्रशासन, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट्स-गाइड्स, विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण, सामाजिक संस्थाएं और शहर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में भाग लेंगे। 'रन फॉर यूनिटी' का मुख्य उद्देश्य यह संदेश देना है कि भारत अपनी विविधताओं के बावजूद एक है। यह दौड़ देश की अखंडता, राष्ट्रीय समरसता और आपसी सौहार्द को सशक्त बनाने का प्रतीक बनेगी। पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर राष्ट्र की एकता को मजबूती दें।

## तहसीलदार ने बल के साथ पहुंचकर कब्जा हटवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

भौरिया और तरावली गांव के बीच शासकीय मेढ़े पर खुमान किरार, मिस्टर किरार, नारायण सिंह किरार के कब्जे को तहसीलदार ने सख्ती से हटा दिया है। किसान भारत सिंह कुशवाह ने शासकीय मेढ़े पर कब्जे कि शिकायत की थी। बुधवार सुबह तहसीलदार अजय पाठक दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और सख्ती के साथ चीरे हटवा दिए। कब्जे के कारण किसान भारत सिंह की फसल काटने के लिए कृषि उपकरण खेत तक नहीं पहुंच पा रहे थे। किसान ने चेतावनी दी थी कि 7 दिन में यदि उन्हे खेत तक जाने का रास्ता नहीं दिलाया तो वह परिवार के साथ कलेक्ट्रेट में डेरा डाल लेंगे। इसके बाद तहसीलदार ने आनन-फानन में मौके पर पहुंचकर तुरंत कब्जा हटवा दिया।



### गांजा बेचने वाले दोषी को 2 साल की सजा

**विदिशा।** विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस) मनोज कुमार शर्मा ने अवैध रूप से गांजा बेचने के मामले में आरोपी शुभम किरार (22), निवासी अहमदपुर रोड विदिशा को दोषी पाते हुए 2 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 2 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण की पैरवी अपर लोक अभियोजक राजेन्द्र सिंह राठौर द्वारा की गई। अभियोजन के अनुसार 18 फरवरी 2024 को देहात थाना पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी ओलंपस स्कूल के पास बाइक पर बैठकर थैले में गांजा लेकर ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को पकड़ा और उसके थैले से 2 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद किया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे सजा सुनाई गई।

### जिलेभर के स्कूलों में एफएलएन मेले का आयोजन किया गया

# सात प्रकार की रचनात्मक गतिविधियां आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा




निपुण भारत अभियान के तहत विदिशा जिले की शासकीय प्राथमिक शालाओं में गुरुवार को बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (एफएलएन) मेले का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा एक और दो के विद्यार्थियों के साथ उनकी माताओं ने भी भाग लिया।

मेले में कुल सात प्रकार की रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं। इनका उद्देश्य बच्चों के बौद्धिक, भाषाई और शारीरिक विकास पर जोर देना था। कार्यक्रम में माताओं, जनप्रतिनिधियों और विद्यालय परिवार की सक्रिय भागीदारी रही। इस दौरान बच्चों द्वारा बनाए गए चित्र, गीत, कहानी, बाल अखबार, मिट्टी के खिलौने और पेंटिंग की प्रदर्शनी लगाई गई। माताओं और बच्चों को शामिल करते हुए खेल-खेल में शिक्षा जैसी प्रतिस्पर्धाओं ने आयोजन को और भी रोचक बना दिया। शिक्षिका उमा गोंड और प्रभारी शिक्षक सुनील कुमार सेन ने शिक्षण-सहायक सामग्री का उपयोग कर परिवेश आधारित शिक्षा की गुणवत्ता पर जानकारी दी। बी.ए.सी. जनपद शिक्षा केंद्र के जमुना प्रसाद साहू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया।

#### बच्चों ने गीत संगीत और रचनात्मक प्रस्तुतियां दीं

मेले में बच्चों ने गीत-संगीत और रचनात्मक प्रस्तुतियां भी दीं। साथ ही, बच्चों के आधार कार्ड बनवाने के लिए एक विशेष स्टॉल लगाया गया और अभिभावकों को जागरूकता अभियान के तहत विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शिक्षक सुनील कुमार सेन ने बताया कि बच्चों की शिक्षा ही समाज की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छे संस्कारों और स्वस्थ वातावरण में बढ़ने देना चाहिए, तभी देश आगे बढ़ेगा। इस मेले का उद्देश्य बच्चों में पढ़ने, लिखने, बोलने और समझने की क्षमता को बढ़ाना है, ताकि वे साक्षरता के साथ-साथ आत्मविश्वासी भी बन सकें।

## गोपाष्टमी पर हिंदू वाहिनी संघ ने किया गो सेवा का आयोजन



**विदिशा।** गोपाष्टमी के अवसर पर हिन्दू वाहिनी संघ के सदस्यों द्वारा बिट्ठल नगर स्थित गोशाला में पहुंचकर गौ सेवा की। संघ के पदाधिकारियों ने सबसे पहले गोशाला का निरीक्षण किया। इसके बाद गो माता का तिलक कर आरती उतारी एवं गो माता को गुड़ व चारा खिलाया। सभी उपस्थित जनों ने एक स्वर में गो माता की जय के नारे लगाए और गो माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग राज्य एवं केंद्र सरकार से की। कार्यक्रम में प्रदेश मीडिया प्रभारी मुकेश, प्रदेश महासचिव ममता दीदी, नौलखी धाम के धर्मगुरु रविकृष्ण शास्त्री, जिला अध्यक्ष सविता दीदी, गौ रक्षा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष राहुल रत्नाकर, जिला उपाध्यक्ष गौ रक्षा प्रकोष्ठ शुभम सिंह, जिला प्रभारी वर्षा दीदी, संगठन मंत्री ज्योति दीदी, सचिव ऊषा दीदी, जिला मीडिया प्रभारी आयुषी, सह मीडिया प्रभारी पुष्पा आचार्य, पूजा, कमला, नीता तथा जिला मंत्री रमा दीदी मौजूद रहीं।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1600
उच्चतम भाव-5001
सरसों
न्यूनतम भाव-6200
उच्चतम भाव-6675
चना
न्यूनतम भाव-3900
उच्चतम भाव- 5460
मसूर
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-6560
उड़द
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-5850
मक्का
न्यूनतम भाव- 700
उच्चतम भाव- 1873
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-3250
धान
न्यूनतम भाव-700
उच्चतम भाव-2930
गेंहू
न्यूनतम भाव- 2324
उच्चतम भाव-3490
धनिया
न्यूनतम भाव- 5800
उच्चतम भाव- 5800
बटरी
न्यूनतम भाव- 2800
उच्चतम भाव- 3510
मटर
न्यूनतम भाव- 2250
उच्चतम भाव-2915

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 29586 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### लोगों द्वारा फेंका जा रहा सड़कों पर कचरा



**गंजबासौदा।** एक ओर जहां नगरपालिका द्वारा नगर को साफ, सुथरा और स्वच्छ बनाने के लिए लगातार सफाई अभियान एवं डोर टू डोर कचरा वाहन भेजे जा रहे हैं। जिससे कि नगर में कचरा आदि गलियों एवं सड़कों पर दिखाई न दे। वहीं दूसरी ओर नगर के कुछ लोगों द्वारा गलियों एवं सड़कों पर खुलेआम कचरा डालकर नगर को गंदा किया जा रहा है। ऐसा ही मामला गुरुवार को बेहलोट बायपास मार्ग पर देखने को मिला जब किसी व्यक्ति द्वारा बीच सड़क पर प्याज, सब्जियों के छिल्के सहित ढेर सारा कचरा डाल दिया गया। भोजन की तलाश में कचरे के ढेर पर मवेशी एकत्रित हो गए। जिससे इस मार्ग से होकर गुजरने वाले दो पहिया वाहन चालक एवं पैदल राहगीरों को आवागमन में असुविधाओं का सामना करना पड़ा। जागरुक नागरिकों ने नपा से ऐसे व्यक्तियों पर जुर्माने की कार्रवाई किए जाने की मांग की है जो गलियों एवं सड़कों पर कचरा डालकर नगर में गंदगी एवं अव्यवस्था फैला रहे हैं।

# वेत्रवती नदी के तट पर बरसा काव्य सुधा रस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



आंचलिक पर्व आवंला नवमी की पूर्व संध्या पर नगर के सृजन धर्मी साहित्यकारों द्वारा गरिमामय आयोजन करते हुए वेत्रवती के पावन तट पर मां सरस्वती के पुत्रों ने सर्वप्रथम घाट की साफ, सफाई कर पर्यावरण को स्वच्छ रखने में अपना किंचित मात्र सहयोग किया एवं वहां उपस्थित जन समुदाय को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। स्वास्थ्य के प्रति सचेत किया तत्पश्चात काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसके प्रारंभ में महात्मा जी ने सकल सुखदायिनी मां वेत्रवती को नमन कर नौलखी धाम में विराजित सभी देवताओं एवं सर्वज्ञ ईश अवतारों को नमन वंदन करते हुए सास्वर मंगलाचरण का पाठ किया। जिसे सुनकर सभी श्रद्धा और भक्ति से भाव विभोर हो गए। तत्पश्चात इस गरिमामय आयोजन की अध्यक्षता हमारे ही नगर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर अजय दयाल भटनागर ने की एवं संचालन चंद्र कुमार तारण संपादक सृजन परिषद द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित संगीतकारों, गीतकारों, कविता और गजल के महारथियों ने भागीदारी की। गीतकार मेहताब सिंह, राजेश नेमा, ओपी प्रजापति, प्रोफेसर ऋषभ कुमार जैन द्वारा गीत गजल का गायन कर सभी का मन मोह लिया गया।

कमलेश सोनी, राकेश जैन, ऋषभ जैन बिंदास ने अपने व्यंग्य वाणों से सामाजिक आर्थिक विषमता एवं राजनीतिक दोगलापन को उजागर किया। वैद्यराज निहाल सिंह पंथी ने अपनी बुलंद आवाज में कहा कि चिंता ऐसी डायन है, फाड़ कलेजा खाए वैद्य बेचारा क्या करे, कहां तक दवा खिलाए। आर्य समाज के अध्यक्ष ओमप्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि कथनी करनी भिन्न जहां धर्म नहीं पाखंड। वहीं कैफ भोपाली की परंपरा को निर्वाह करने वाले गजलकार फहीम बासोदबी ने अपने अलग अंदाज में कहा कि तकदीर को ना कोस, नसीब आजमा के देख। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ अजय दयाल भटनागर ने कहा कि वियोगी होगा पहला कवि, आह से उपजे होंगे गान, उमड़ कर आंखों से चुपचाप बही होगी कविता। अनजान मेहराजी एवं गुरुजी की गरिमामय उपस्थिति ने सभी का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के संचालक चंद्रकुमार तारण ने अपनी ताजी रचना से सभी को समय के सच से परिचित कराया, कुत्ते अब वफादार नहीं रहे वह भी आदमी की तरह बेवफा हो गए। इस गोष्ठी में साहित्यकार बालकिशन मित्तल बल्ला भैया, कमलेश सोनी सहित बडी संख्या में नगर के रचनाकार एवं श्रोतागण उपस्थित रहे। गोष्ठी में नौलखी धाम के साधु संत भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## बारिश भी न रोक सकी श्रद्धा के कदम, नौलखी में उमड़ा आस्था का अक्षय सैलाब

# पांच किलो आटे से शुरू हुई पुरानी परंपरा 125 क्विंटल प्रसादी तक पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

**गुरुवार को बरसात की रिमझिम फुहारें थीं, आकाश धुंधला था, पर नौलखी घाट पर आस्था और श्रद्धा के हजारों दीप जल रहे थे**







यह दृश्य था अक्षय नवमी का, जब श्रद्धा ने प्रकृति की हर चुनौती को भक्ति में बदल दिया। रुक रुक कर हो रही हल्की-फुल्की बारिश फुहारों के बीच भंडारे में प्रसादी का आनंद लेने के साथ के साथ हजारों श्रद्धालुओं ने वेत्रवती के पवित्र घाट पर आंवले के पेड़ की पूजन कर कार्तिक दीपदान कर धर्म लाभ लिया। वेत्रवती नदी तट स्थित तपस्वी संतों की सिद्ध भूमि नौलखी आश्रम पर अक्षय नवमी पर करीब 100 साल पहले 5 किलो ग्राम आटे से शुरू हुई अन्नकूट की प्रसादी बांटने की परंपरा का विस्तार समय के साथ साथ आस्था और भक्ति के संग संतों की कृपा से अब कई गुना तक बढ़ गया है। विपरीत मौसम को देखते हुए इस बार आश्रम की ओर से प्रसादी के लिए 80 क्विंटल की सामग्री तैयार कराई गई थी। लेकिन रिमझिम बारिश के और फुहारों के बावजूद भी भक्तों की आस्था में कोई कमी होती ना देख प्रसादी की मात्रा बढ़ाई गई और रात होते-होते प्रसादी सवा सौ क्विंटल तक पहुंच गई। सुबह से प्रारंभ हुआ भंडारा देर रात तक चलता रहा। भंडारे में करीब 25000 श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। भंडारे में जनप्रतिनिधियों स्थानीय समाजसेवियों, ग्राम मांगरोद के युवाओं और श्रद्धालुओं ने पूरी निष्ठा से सहयोग दिया। सैकड़ों लोगों ने प्रसादी वितरण, सफाई, जल प्रबंधन और व्यवस्था में अपना योगदान दिया।

उल्लेखनीय है कि नौलखी आश्रम का यह भंडारा कोई साधारण आयोजन नहीं, बल्कि एक शताब्दी पुरानी परंपरा है। आश्रम से जुड़े हुए संत बताते हैं कि सिद्ध संत बैकुंठवासी बाबा जगन्नाथ दास जी महाराज ने नौलखी में अक्षय नवमी के दिन से इस परंपरा की शुरुआत महज 5 किलो आटे से बने पूड़ी और सब्जी के साथ की थी। घनघोर जंगल होने के कारण साधु संतों के अलावा उस समय कुछ ही लोग एकत्रित होकर भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते थे। समय के साथ-साथ आश्रम के अन्य महंतों ने भी बाबा जगन्नाथ दास जी महाराज की परंपरा का निर्वाहन किया और हर साल सामग्री का क्रम बढ़ते हुए आज, वही परंपरा इस वर्ष 115 क्विंटल सामग्री से तैयार हुए अन्नकूट महाभंडारे तक पहुंच चुकी है। नौलखी आश्रम में अक्षय नवमी के दिन आयोजित होने वाला भंडारा अब केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि श्रद्धा, भक्ति के साथ संस्कारों और सनातन आस्था का जीवंत उत्सव बन चुका है। नौलखी खालसा के श्री महंत राम मनोहर दास ने सभी श्रद्धालुओं को अक्षय नवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व केवल पूजा या भंडारे का आयोजन नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति की आत्मा है। जिस तरह एक दीपक से हजारों दीप जलते हैं, उसी प्रकार एक प्रसादी से हजारों हृदयों में भक्ति का दीप प्रज्वलित होता है। अन्नकूट की प्रसादी तैयार करने वाले हलवाई राजेश मिश्रा ने बताया कि प्रसादी बनाने का काम तीन दिन पूर्व से तैयार शुरू कर दिया था। 50 क्विंटल के मालपुआ तैयार किए गए थे। 20 क्विंटल हरी सब्जियों से राम भाजी बनाई गई थी। 25 क्विंटल की पूडी 15 क्विंटल की कढ़ी और 5 क्विंटल चावल बनाए गए थे। अन्नकूट की पूरी सामग्री तैयार करने में 100 पीपा तेल लग गया है। सामग्री बनाने में 50 से अधिक कारीगर लगे हुए थे। 80 क्विंटल की सामग्री पहले ही तैयार कर ली गई थी लेकिन भक्तों की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए भंडारा पूरा होते-होते पूरी सामग्री सवा सौ क्विंटल तक पहुंच गई थी।

अक्षय नवमी के पावन मौके पर नौलखी आश्रम श्रद्धा, भक्ति और आस्था के अक्षय सागर में डूबा रहा। सुबह से रिमझिम बारिश का दौर चलता रहा, लेकिन आसमान से गिरती बूंदें भी श्रद्धालुओं की आस्था के उत्साह को जरा भी कम न कर सकीं। वृद्ध, महिलाएँ और बच्चे तक भी बिना किसी हिचकिचाहट के अन्नकूट की प्रसादी के लिए घाट पर पहुंचे। मौसम की खराबी को देखते हुए इस बार बैठालकर प्रसादी वितरण की व्यवस्था में परिवर्तन किया गया था। ट्रॉलियों में प्रसादी रखकर महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग काउंटर लगाकर कतार में प्रसादी का वितरण किया गया। प्रसादी लेने के बाद जहां श्रद्धालुओं को स्थान मिला सब ने बैठकर प्रसादी ग्रहण की। इस दौरान नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने नौलखी घाट पहुंचकर महंत राम मनोहर दास महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया और अन्नकूट महोत्सव की प्रसादी ग्रहण की।

### शीत लहर से नागरिक परेशान, दिन भर हुई हल्की बूंदाबांदी

**गंज बासौदा।** विगत दो तीन दिनों से इलाके भर में सर्दी और कोहरे ने दस्तक दे है। तापमान में गिरावट आने से दिन भर लोगों को सर्दी का अहसास हो रहा है। गुरुवार को सुबह से ठंडी हवाऐं चलती रहीं। लोग सर्दी से बचने के लिए स्वेटर, शाल, टोपा, मफलर, इनर, अपर का उपयोग कर रहे हैं। वहीं दोपहर बाद नगर में हल्की बारिश का दौर रुक रुक कर देर तक चलता रहा।

# एसजीएस पीजी महाविद्यालय में विद्यार्थियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत अध्यादेश 14 एक के अनुसार स्नातक कक्षा हेतु नवीन संरचना पाठ्यक्रम को महाविद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों, स्नातक प्रथम वर्ष 2025-2026 में प्रवेशित विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी का प्रशिक्षण दिनांक 27 अक्टूबर से 8 नबम्वर तक प्रतिदिन दिया जा रहा है। जिसके अंतर्गत प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को बताया गया कि स्नातक प्रथम वर्ष के मेजर के तीन विषय हैं जो 6, 6, 6 क्रेडिट के है। माइनर विषय के दो पेपर जो चार-चार क्रेडिट के हैं तथा आधार पाठ्यक्रम के दो पेपर जो दो-दो क्रेडिट के हैं। एक व्यावसायिक पाठ्यक्रम जो तीन क्रेडिट का है तथा एमडीसी का एक पेपर जो तीन क्रेडिट का है और इंटर्नशिप अप्रेंटिसशिप प्रोजेक्ट वर्क कम्युनिटी इंगेजमेंट डिसर्टेशन रिसर्च प्रोजेक्ट आदि हैं। जो एक एक्टिविटी को लेकर विद्यार्थी अध्ययन कर सकता है, जो दो क्रेडिट का है तथा वैल्यू एडिट कोर्स का एक पेपर जो दो क्रेडिट का है। इस प्रकार स्नातक प्रथम वर्ष में 40 क्रेडिट लेकर छात्र परीक्षा पास कर सकता है। इस प्रकार द्वितीय वर्ष में डबल मेजर लेकर विद्यार्थी अध्ययन कर सकता है तथा तृतीय वर्ष, चतुर्थ वर्ष में विद्यार्थी ऑनर्स तथा ऑनर्स विधि रिसर्च लेकर अध्यापन कार्य कर सकता है। इस प्रकार मेजर एवं माइनर के पेपर में 70 नंबर की सैद्धांतिक परीक्षा तथा 30 नंबर की सीसीई परीक्षा कुल 100 अंकों की परीक्षा होती है। सीसी की परीक्षा स्नातक स्तर पर चार बार छात्रों को देनी होगी। जिसमें तीन बार सीसी की परीक्षा के अंक मूल अंक सूची में जोड़े जाएंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की संपूर्ण जानकारी प्रशिक्षण के माध्यम से डॉक्टर बीके प्रजापति के द्वारा दी गई तथा डॉक्टर विजय शाक्य ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा एवं पीजी एक वर्ष एवं पीजी दो वर्ष की विस्तार से छात्रों को जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. आरडी जाटव, डॉक्टर कंचन वैद्य, डॉ. सपना श्रीवास्तव, प्रोफेसर मनीष दुबे उपस्थित रहे।

# नपा ने दूषित खाद्य सामग्री नष्ट कराई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव के निर्देशानुसार नगरपालिका अमले द्वारा दुकानों पर पहुंचकर खाद्य पदार्थों की जांच की गई। इस दौरान एक दर्जन दुकानों पर एक्सपायरी डेट की सामग्री, दूषित मावा, पोहा, कचोरी, मसाला, बिस्किट, नूडल्स के लगभग 60 पैकेट जब्त कर उन्हें नष्ट कराया गया। कार्रवाई के दौरान दुकानदारों पर 500-500 रुपए की पेनल्टी अधिरोपित की गई। इस दौरान नपा स्वास्थ्य निरीक्षक आरके नेमा सहित नपा अमला मौजूद रहा।

### विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा की गई गौ पूजन



**गंजबासौदा।** गुरुवार को विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल द्वारा गोपाष्टमी पर गमाखर प्रखंड, बरेठ द्वारा माता मंदिर गौशाला में गौपूजन संपन्न किया गया। जिसमें मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद जिला सामाजिक समरसता टोली सदस्य श्याम रघुवंशी, सुंदर जाट, प्रदीप शर्मा, दिनेश गुर्जर, तोरण सिंह राजपूत, कृष्णपाल राजपूत, महेश राजपूत, शशिकांत भार्गव, सौरभ यादव सहित गमाखर प्रखंड के अनेक गौ भक्त गौमाता की पूजन अर्चन में शामिल हुए।

## सैण्ट एसआरएस स्कूल को धार्मिक एवं चरित्र निर्माण की पुस्तकें भेंट कीं

# पुस्तकालय में पूजन-अर्चन कर की वेदों की स्थापना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अखिल विश्व गायत्री परिवार के सदस्य एसके सैनी एवं उनकी पत्नी साधना सैनी द्वारा सेंट एसआरएस स्कूल पहुंचकर पुस्तकालय के लिए अनेक धार्मिक एवं चरित्र निर्माण की पुस्तकें भेंट की गईं। उनका कहना था कि आज सनातन धर्म के प्रचार प्रसार की अत्यधिक आवश्यकता है, क्योंकि आज के युवा पाश्चात्य सभ्यता के वशीकरण के कारण अपने धर्म की गरिमा एवं महत्ता को भूलते जा रहे हैं। यदि हम उन्हें सनातन धर्म एवं चरित्र की महत्ता के बारे में बताएं एवं पुस्तकों के माध्यम से उन्हें समझाएं ,पढ़ायें तो वह पुनः अपने धर्म में रुचि रखकर स्वयं तो लाभान्वित होंगे ही, अन्य लोगों को भी इस धर्म की महत्ता को समझाएंगे। हम दोनों ने ही यह निर्णय लिया, कि हमारे पास जो भी धार्मिक एवं चरित्र निर्माण से संबंधित पुस्तकें हैं, उन्हें हम सेंट एसआरएस स्कूल के पुस्तकालय को भेंट करें, ताकि वहां पढ़ने वाले बच्चे इन किताबों का अध्ययन कर लाभान्वित हों। उनके द्वारा ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद, श्रीमद् भागवत गीता, नवजागरण के पुरोधा दयानंद सरस्वती, सत्यार्थ प्रकाश, वेद मंजरी, डॉक्टर हेडगेवार चरित्र, डॉ अब्दुल कलाम, स्वाधीनता संग्राम की नींव के साथ अन्य चरित्र निर्माण की पुस्तकें भी प्रदान कीं। श्री सैनी जी अखिल गायत्री परिवार के माध्यम से पूरे जिले में भारतीय संस्कृति ज्ञान आदि के लिए लगातार विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों में संपर्क कर छात्रों के बीच पंडित श्रीराम शर्मा एवं माता भगवती देवी शर्मा के आदर्शों, उच्च विचारों को प्रसारित कर रहे हैं। उनके द्वारा इस वर्ष हजारों छात्रों को अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सम्मिलित कराया गया था। जिन में विद्यालयों से लेकर चिकित्सा महाविद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया था। उनकी इस कृतज्ञता के लिए विद्यालय परिवार द्वारा उन्हें हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं गईं और आशा व्यक्त की कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार से विद्यालय को अपना मार्गदर्शन एवं अन्य आवश्यक साहित्य प्रदान करते रहेंगे।

# उत्साह के साथ मनाई गई आंवला नवमी, नौलखी घाट पर लगा मेला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार को नगर सहित ग्रामीण अंचलों में आंवला नवमी व्रत महिलाओं द्वारा मनाया गया। जिसमें दिन भर व्रत रखकर कार्तिक भगवान एवं आंवले की वृक्ष की विधि विधान से पूजन अर्चन कर 108 परिक्रमा की गई। इस दौरान महिलाओं ने सुहागिनों को श्रृंगार सामग्री भेंट की। साथ ही आंवले के वृक्ष की छांव में भोजन कर व्रत का समापन किया। आंवला नवमी पर मानस भवन, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर, विश्रामगृह परिसर, घटेरा वाली धर्मशाला परिसर, टीटी जैन पाठशाला परिसर, बेतवा नदी के नौलखी घाट सहित अनेक स्थानों पर जहां पर आंवले के वृक्ष लगे हुए हैं, वहां पर महिला श्रद्धालुओं ने पहुंचकर आंवले के वृक्ष की 108 परिक्रमा कर विधि विधान से पूजन अर्चन की। यहां उल्लेखनीय है कि यह त्यौहार कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की नवमी को मनाया जाता है। इसे अक्षय नवमी भी कहा जाता है। इस दिन आंवले के वृक्ष की पूजा की जाती है और आंवले के वृक्ष के नीचे भोजन करने का विधान है। आंवले को अमरता का फल भी कहा जाता है। इस अवसर पर बेतवा नदी के नौलखी घाट पर विशाल मेले का आयोजन भी हुआ। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में दुकानें लगाई गई, जिनमें मनिहारी, चाट, पकौड़ी, पानीपुरी, खिलौनों सहित अन्य सामग्री की दुकानें सजी हुई थीं। इस मौके पर नौलखी घाट पहुंचे श्रद्धालुओं खासकर महिलाओं एवं बच्चों ने जमकर खरीददारी की और मेले का आनंद उठाया।

# विधिक साक्षरता शिविर संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में गुरुवार को ग्राम पंचायत अंबानगर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन सृष्टि कुशवाह, चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी की उपस्थिति में किया गया। शिविर में संविधान के मूल भूत अधिकार, कर्तव्य, घरेलू हिंसा में महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, बाल विवाह निषेध अधिनियम, भरण पोषण, पीड़ित प्रतिकर योजना, बालश्रम, बंधुआ मजदूरी, शासन की कल्याणकारी योजनाएं, निःशुल्क विधिक सहायता, मध्यस्थता, लोक अदालत, नालसा बच्चों को मैत्री पूर्ण विधिक सेवा योजना 2015, नालसा हेल्प लाइन 15100 के संदर्भ में जानकारी दी गई। शिविर में एडवोकेट संजीव कुमार अरोरा, शेर सिंह यादव, राजेश सक्सेना, क्रांति अहिरवार, सुरेंद्र सिंह सेन, राजेंद्र सिंह दांगी, उमा भावसार, मनोज चिड़ार, संदीप चिड़ार, डॉली शर्मा मौजूद रहीं।

## दिगंबर जैन बड़े मंदिर में समाजजनों ने धर्मलाभ पाने के लिए कई अनुष्ठान किए

# श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का किया गया शुभारंभ





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़े मंदिर में श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का शुभारंभ पंडित बागमल जैन के निर्देशन में,ब्र.दीदी निर्मला,नेहा एवं दिशा दीदी के साथ सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा किया गया। वही देव आज्ञा,गुरु आज्ञा, इन्द्र प्रतिष्ठा, सरलीकरण,ध्वजारोहण,मंडप शुद्धि,कलश स्थापना,अभिषेक,शांति धारा,नित्यमह पूजन के साथ आठ अर्घ्य समर्पित किए गए।

इस अवसर पर पुण्यार्जक परिवार रमेशचन्द्र गुलाबगंज द्वारा झंडारोहण किया। वही शांतिधारा करने का सौभाग्य सबाई सिंघई परिवार से महेन्द्र कुमार, श्रीमती संचिता,समकित मिला। साथ ही बड़ी संख्या में जैन समाज की उपस्थिति में इस कार्यक्रम का विधिवत प्रारंभ होना समाज के लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम के अंतर्गत बताया गया कि अष्टाह्निका महापर्व वर्ष में तीन बार आते हैं। कार्तिक, फाल्गुन एवं आषाढ़ माह के अंत के आठ दिन के इन पर्वों में चतुर्निकाय के देवता नंदीश्वर दीप पहुंचकर चौबीसों घंटे प्रभु की आराधना करते हैं। हमारी शक्ति वहां जाने की नहीं है अतः यहीं पर स्थापना के माध्यम से यह आठ दिवसीय अर्चना पूरे भक्ति भाव से की जाएगी। यह विधान जैन जगत का पंचकल्याणक के बाद सबसे बड़ा अनुष्ठान है। जो उपस्थित नहीं हैं उनको भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित होना चाहिए। इस मौके पर डॉ राजीव बंटी,संदीप विजयराज,शरद भूपत,कपिल प्याराखेड़ी,आजाद घेतल,अशोक अग्गा,राहुल भूपत,सवाई सिंघई ज्ञानचंद,महेन्द्र,अनूप,अनिल सिंघई,नरेंद्र आदि लोग उपस्थित रहे।

### आचार्य विद्यासागर के चरण कमल की स्थापना हुई



सिरोंज। आचार्य विद्यासागर के चरण कमल की स्थापना रविवार को अतिशय तीर्थ नसिया जी पर उत्साह के साथ हुई। आयोजन में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में जैन श्रद्धालु सुबह से ही तीर्थ स्थल पहुंच गए थे। संत सुधासागर इंटरनेशनल स्कूल से चरण कमलों की शोभायात्रा निकाली गई। जैन समाज के बैंड दल ने शोभायात्रा की अगवानी की। तीर्थ क्षेत्र पहुंचने के बाद परिसर में सकलीकरण हुआ। इसके बाद अष्टधातु से बने चरण कमलों की स्थापना की गई। स्थापना के बाद अभिषेक, शांतिधारा और पूजन हुआ। आचार्य छत्तीसी विधान का आयोजन भी हुआ। आचार्य श्री की डायरी का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में बाल ब्रह्मचारी जीतू भैया, पंडित देवेंद्र जैन, पंडित बागमल जैन, ब्रह्मचारी बहनें सहित वरिष्ठ समाजसेवी नेमीचंद जैन,संजय जैन आदि मौजूद रहे। उक्त जानकारी पचखनी जैन मंदिर के अध्यक्ष डॉ राजीव जैन बंटी द्वारा दी गई।

# बार व बेंच गाड़ी के दो पहिए, हर समस्या का हल दोनों निकाल लेते हैं: प्रधान न्यायाधीश




**सिरोंज।** सिरोंज न्यायालय में प्रधान न्यायाधीश शेख सलीम,बाल न्यायालय न्यायाधीश शिवांगी श्रीवास्तव,विधिक सेवा प्राधिकरण समिति के सचिव नितेंद्र तोमर विदिशा के प्रथम बार सिरोंज आगमन पर अभिभाषक संघ के अध्यक्ष एडवोकेट कपिल त्यागी,सचिव हेमेंद्र श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष सचिन शर्मा,कोषाध्यक्ष सोनू गौड़, एडवोकेट मीडिया प्रभारी अशोक शर्मा एडवोकेट पुस्तकालय प्रभारी मनोहर रघुवंशी ने गुलदस्ते, एवं फूलमाला व शाल श्रीफल देकर साफा बांधकर स्वागत किया।


इसमें सिरोंज न्यायालय के प्रथम जिला जज विजय पांडे,न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी मोना शुक्ला, न्यायाधीश सअंकिता जैन उपस्थित रही। इसमें प्रधान जिला न्यायाधीश शेख सलीम विदिशा ने कहा कि बार और बेंच एक गाड़ी के दो पहिए हैं समस्या कितनी भी बड़ी क्यों ना हो दोनों मिलकर समस्या का हल निकाल लेंगे। हर समस्या का हल बार और बेंच के प्रयास से संभव है मैं प्रत्येक 3 माह में जिला न्यायालय के न्यायालयों का निरीक्षण करने आऊंगा।

संचालन अभिभाषक संघ के अध्यक्ष एडवोकेट कपिल त्यागी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता अवध नारायण श्रीवास्तव,घनश्याम त्यागी,अनवर मोहम्मद खान,अख्तर खान,प्रकाश शर्मा,रामस्वरूप यादव,अजय शर्मा,उमेश पाली,श्रीराम सूर्यवंशी,मलखान कुशवाह,सुरेंद्र दांगी,काशीराम रघुवंशी,जाहिद खान,दीपेश राजपूत,अंकेश धाकड़,अमित रघुवंशी सहित अभिभाषक संघ के सभी सदस्य उपस्थित थे

# कब्रिस्तान की भूमि का सीमांकन कराए जाने के लिए समाजजनों ने उठाई मांग

## तहसील वक्फ कमेटी अध्यक्ष ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



तहसील वक्फ कमेटी के अध्यक्ष वाजिद कुरैशी के नेतृत्व में मुस्लिम समाजजनों द्वारा तहसील कार्यालय पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी को आवेदन पत्र सौंपकर अवगत कराया कि तहसील रोड भूमि सर्वे क्रमांक 737 रकबा 0.354 हेक्टर स्थित कस्बा सिरोंज में अवस्थित है जो कब्रिस्तान के नाम से शास्कीय अभिलेखों में दर्ज है।

आवेदक तहसील बख्श कमेटी सिरोंज का अध्यक्ष एवं अन्य आवेदन कार्ड मुस्लिम समाज से हैं जिनके पूर्वज यहां दफन गए हैं उक्त भूमि की आवेदक एवं अन्य समाज जनों को सीमाओं का ज्ञान न होने के कारण विवाद की स्थिति उत्पन्न होती रहती है। इस कारण प्रार्थीगण भूमि का सीमांकन कराना चाहते हैं यह कि आवेदक एवं अन्य समाज जन विगत कई बार तहसील कार्यालय सिरोंज में उक्त भूमि के सीमांकन कराने हेतु कई बार मौखिक एवं लिखित में आवेदन कर चुके हैं। लेकिन उक्त वक्फ की भूमि का सीमांकन नहीं हुआ है एवं सीमांकन न होने की वजह से अन्य लोग अपना अतिक्रमण कर रहे हैं एवं कई असामाजिक तत्व उसमें गंदगी डाल रहे हैं, मुस्लिम समाज जनों द्वारा उक्त भूमि का जल्द से जल्द सीमांकन कराए जाने की मांग की है।

इसमें अहद शाह खान,ऑल इंडिया जमीअतुल कुरैश समाज के तहसील अध्यक्ष जहीर कुरैशी,आमिर कुरैशी,सादिक कुरैशी,सलीम खान गोरी,हीफजान पहलवान अतिक कुरेशी खलील खान,अलीम कुरेशी,आदिल कुरेशी,नदीम कुरेशी,बहिम कुरेशी,मुसेफ कुरेशी,अलीम कुरेशी,कालू कुरेशी,उमर कुरेशी,अब्दुल फरीद खान,रिजवान कुरेशी,अन्नू खान,भीमा खान,सद्दाम कुरेशी,ईद मोहम्मद बशरत कुरेशी हसीन कुरेशी सहित बड़ी संख्या में समाज जन मौजूद रहे।



### विश्वविद्यालय : शिक्षाशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों ने निकाली सतर्कता रैली एवं किया नुक्कड़ नाटक

**सागर ।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा केन्द्रीय सतर्कता आयोग एवं एनसीटीई नई दिल्ली के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए हुए ग्राम पथरिया जाट एवं सिरोंजा ग्राम पंचायतों में विभाग के आईटीईपी बी.एस.सी.बी.एड., बी.कॉम.बी.एड., बी.ए.बी.एड. के प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं विद्यार्थियों द्वारा रैली निकाली गयी । रैली को विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार जैन द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया । इससे पहले विद्यार्थियों को सतर्कता जागरूकता संबंधी शपथ दिलाई गई । रैली सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी की संकल्पना पर आधारित थी । विश्वविद्यालय के द्वारा चलाए जा रहे सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम के तहत कल 29 अक्टूबर, 2025 को ग्राम पटकुई एवं बरारू ग्राम पंचायतों में सतर्कता जागरूकता ग्राम सभा एवं जागरूकता संबंधी रैली में नुक्कड़ नाटक उद्गम समूह के द्वारा प्रस्तुत किया गया, जहां सभी स्थानीय लोगों ने शामिल हो उत्साह दिखाया और नुक्कड़ नाटक उद्गम समूह को प्रोत्साहित किया और कहा यह एक बहुत अच्छा कदम है । दोनों ही दिन सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 में संयोजक डॉ. रश्मि जैन एवं आयोजन सचिव डॉ. चिन्तन वर्मा ने सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कराया । जिसमें विभाग के शिक्षक डॉ. अपर्णा श्रीवास्तव, डॉ. रमाकांत, डॉ. योगेश कुमार सिंह एवं श्रीमती कंचन चौरसिया तथा शोधार्थी वीर सिंह, उत्पल, स्मिता शुक्ला एवं हारून अली सैयद ने सहयोग किया ।

# गरीब की आवाज सुनने वाला कोई नहीं: समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर विगत दिनों में राहतगढ़ बस स्टेंड रेलवे क्रॉसिंग पर दो वृद्ध महिलाओ द्वारा रेलवे क्रॉसिंग क्रॉस करते समय हादसे का शिकार हो गई थी जिसमें राजरानी अहिरवार की मृत्यु हो गई थी और दूसरी पार्वती अहिरवार गंभीर रूप से घायल है। इसको लेकर गुरुवार को राहतगढ़ बस स्टैंड के पास सर्व दलीय नागरिक संघर्ष मोर्चा द्वारा बैठक का आयोजन समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर के नेतृत्व में किया गया। जिसमें पूर्व विधायक सुनील जैन,वरिष्ठ नेता अखिलेश मोनी केसरवानी,सहित अन्य मोर्चा के पदाधिकारी उपस्थित रहे जिसमें निश्चय किया गया आगामी रविवार 2 नवंबर को दोपहर 2:00 बजे तीनबत्ती सरस्वती वाचनालय में राहतगढ़ अंडर ब्रिज बनाए जाने हेतु एक बैठक का आयोजन किया जावेगा 3 नवंबर को प्रशासनिक अधिकारियों के लिए अंडर ब्रिज बनाए जाने हेतु ज्ञापन सौंपा जाएगा।

बैठक की उपरांत सर्वदलीय नागरिक संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारीयो ने राहतगढ़ रेलवे क्रॉसिंग पर पहुंचकर नारे लगाकर आक्रोश जताया एवं हादसे का शिकार हुई राजरानी अहिरवार के निवास पर पहुंचकर शोक संतृप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की और श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर ने कहा कि यह दीपावली गरीबों पर कहर बनकर आईं 19 अक्टूबर को सागर में दो गरीब अनुसूचित जाति की वृद्ध महिलाये जो दिवाली की खरीद कर घर लौट रहीं थीं राहतगढ़ ब्रिज रेल लाइन पार करते समय रेल से टकरा गई थी जिसमें एक की मौत हो गई और दूसरी गंभीर स्थिति में है । इन गरीबों का मोहल्ला रेल लाइन के उस तरफ है और शहर के मुख्य बाजार आने को इन्हें रेल लाइन पार करना जरूरी है। एक फ्लाई ओवर लगभग बीस वर्ष पूर्व बना था पर वह कतिपय राजनीतिक नेता और रसूखदारों की जमीन बचाने के लिए ऐसा मोड़ा गया है कि शायद ही किसी के काम का हो। अगर ये गरीब और पैदल चलने वाले लोग इस पर से जाना चाहें तो उलटा एक किलोमीटर का चक्कर लगाना होगा तथा पूरे में फुट पाथ भी नहीं है।

तन्त्र को भी ग़रीबों की मौत कोई मायने नहीं रखती। उनके विचारों से तो गरीब मरने को ही पैदा होता है।

सागर के मीडिया को साधुवाद की उसने घटना को प्रमुखता से छापा और अपने दायित्व को निभाया।

प्रदेश सरकार व रेल मंत्रालय ने भी अभी तक मुआवजा की कोई घोषणा नहीं की है और हो सकता है कि वे इन मृतकों को रेल लाइन पार करने का अपराधी मानकर चुप हो। हालांकि बहुत से ऐसे प्रकरण हैं जिनमें सरकारों ने अपराधियों तक के परिजनो को मुआवजा दिया है। पर ये गरीब तो बोल भी नहीं सकते इनकी कौन सुनेगा। वर्तमान दुर्घटना स्थल राहतगढ़ बस स्टैंड के क्रासिंग के समीप भी फिलहाल एक रेलवे अंडर ब्रिज बनाना चाहिए।यही इन गरीब माताओं को, दलित बहनों को श्रद्धांजलि होगी।

पूर्व विधायक सुनील जैन ने कहा कि जब तक रेलवे राहतगढ़ बस स्टैंड की क्रॉसिंग पर अंडर ब्रिज नहीं बनवा देता तब तक हम सभी मोर्चा के पदाधिकारी और सदस्यगण चैन से नहीं बैठेंगे और लगातार आंदोलन करते रहेंगे।

### भारतीय शैली कुश्ती संघ में राकेश यादव को पर्यवेक्षक नियुक्त किया

**सागर।** सतारा महाराष्ट्र में आयोजित होने जा रहे देश के सबसे बड़ी कुश्ती दंगल हिन्द केसरी 2024-25 में लगभग 27 राज्यो के महिला और पुरुष पहलवान शिरकत करेंगे । इसी क्रम में मध्यप्रदेश की कुश्ती टीम का चयन छत्रसाल अखाड़ा सागर में 5 नवंबर को सुबह 10 बजे से रखा गया है। चयन हेतु पहलवानों के रुकने और भोजन आदि की व्यवस्था कर ली गई है। इस चयन में हर भार वर्ग के हर वजन वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पहलवान को ही सतारा महाराष्ट्र भेजा जाएगा।

### समाजसेवी जगन्नाथ पटेल हुए पंचतत्व में विलीन

**सागर।** कुशवाहा समाज के वरिष्ठ समाजसेवी जगन्नाथ प्रसाद पटेल के स्वर्गवास होने पर कुशवाहा समाजजनो ने शोकसभा का आयोजन कर मौन धारण करते हुए उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना करते हुए श्रद्धांजलि दी । शोकसभा में अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा आदि मौजूद थे।



### अतिक्रमण को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**सागर।** जिला शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला शहर अध्यक्ष महेश जाटव के नेतृत्व में कांग्रेसजनों की उपस्थिति में नगर निगम द्वारा चलाई जा रही है अतिक्रमण विरोधी मुहिम में भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने से आक्रोशित होकर कांग्रेसियों ने मोतीनगर चौराहे पर कवि पद्माकर सभागार में निगम कमिश्नर को ज्ञापन सौंप कर नियम से काम करने की ज्ञापन में बात कही है । ज्ञापन में महेश जाटव ने बताया कि नगर निगम गलत तरीके से अतिक्रमण तोड़कर लोगों में दहशत का माहौल न बनाएं । इस कार्यवाही में 100 साल से भी पुराने मकानों को तोड़ा जाना संदेहजनक है। कुछ समय पहले यह रोड बन चुका है तो दोबारा उसे बनवाने में नगर निगम भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने की तैयारी कर रही है। महेश जाटव ने कहा कि नगर निगम लोगों को विश्वास में लेकर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करें एक तरफा कार्रवाई अगर की गई तो नगर निगम के खिलाफ कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी। पूर्व ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष स्वदेश जैन गुड्डू भैया ने निगम कमिश्नर से लोगों से संवाद कर अपनी किसी मुहिम को अंजाम देने की बात कही। पूर्व विधायक सुनील जैन ने कांग्रेस के ज्ञापन को गंभीरता से लेने की बात कही। वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के प्रभारी जितेंद्र जैन क्रांतिकारी ने कहा की जनता अब जागरुक हो चुकी है ज्ञापन कार्यक्रम में मुकुल पुरोहित, बुंदेलसिंह बुंदेला, नेता प्रतिपक्ष बब्बू यादव, सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राहुल चौबे, जितेंद्र चौधरी, पप्पू गुप्ता, जितेंद्र रोहण आदि शामिल थे।

### आधा दर्जन से अधिक किए जिला बदर

**सागर।** जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर संदीप जी आर ने 8 आदतन अपराधियों को 4-9 माह का जिला बदर करने का आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है। पहलाद पिता वंदे अहिरवार (30) नि. ग्राम मगरधा थाना बहरोल को 4 माह, दुर्गेश पिता मिटठन यादव (30) नि. ग्राम घवारा थाना बरायठा को 4 माह, लोटन सिंह पिता नत्थू सिंह लोधी (45) नि. ग्राम चितौआ थाना बहरोल को 4 माह, वकील पिता ओमकार सिंह दांगी (40) नि.ग्राम बिल्धई बुर्जुग थाना आगासौद बीना को 5 माह, मलखान पिता गोकल विश्वकर्मा (35) नि. ग्राम पार थाना आगासौद को 5 माह, प्रशांत पिता बब्लू उर्फ बंसत राजपूत (28) नि. ग्राम घाना थाना केसली को 6 माह, अंगद उर्फ यादवेन्द्र पिता लखन सिंह राजपूत (30) निवासी कुसमी थाना केसली को 9 माह, जाहर पिता राजेश यादव (32) निवासी ग्राम देहचुआ थाना केसली को 9 माह, मनीष पिता सुरेश दुबे (34) निवासी ग्राम हिनौतिया हाल केसली थाना केसली को 9 माह के लिए सागर जिले व सीमावर्ती जिलों की राजस्व सीमाओं से निष्कासित करने का आदेश दिया है।

### आज ली जाएगी राष्ट्र की एकता, अखंडता की शपथ

**सागर।** एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन 31 अक्टूबर को कलेक्टर कार्यालय में किया जाएगा। शपथ कार्यक्रम के पश्चात जिले में विभिन्न स्थानों पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। सभी पुलिस स्टेशनों में शुभारंभ होगा।

### एबीएसएस थाईलैंड में चमकी सागर की आस्था: कथक नृत्य में जीता दूसरा स्थान, बढ़ाया पूरे प्रदेश का मान

**सागर।** शहर की उभरती हुई कथक नृत्यांगना आस्था गुप्ता ने थाईलैंड में आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में सागर और मध्यप्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने एबीएसएस ग्लोबल काउंसिल ऑफ आर्ट एण्ड कल्चर द्वारा आयोजित 15वें कल्चरल ओलंपियाड ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट (25 से 29 अक्टूबर 2025, पटाया, थाईलैंड) में युवावर्ग की शास्त्रीय श्रेणी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यह आयोजन यूनेस्को की सांस्कृतिक शाखा के सहयोग से किया गया था। इसमें भारत समेत कई देशों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। आस्था ने अपने कथक नृत्य से निर्णायकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता के मंच पर उनकी सुंदर प्रस्तुति ने भारतीय संस्कृति की गरिमा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित किया।

# मंत्री प्रह्लाद पटेल ने शोकग्रस्त परिवार को दी श्रद्धांजलि, ग्राम विकास पर भी चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ खामखेड़ा



पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल गुरुवार को ग्राम बल्लाखेड़ी पहुंचे। वे यहां मालवा प्रांत के प्रांत प्रचारक राजमोहन सिंह तथा खामखेड़ा खंड के संघचालक गजेन्द्र सिंह के पिताश विशाल सिंह के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने आए। मंत्री श्री पटेल ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिवारजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

इस अवसर पर उपस्थित स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं को मंत्री जी से मुलाकात का अवसर प्राप्त हुआ। ग्राम पंचायत बल्लाखेड़ी एवं आसपास के क्षेत्र के सरपंचों तथा जनप्रतिनिधियों ने गांव के विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा की। मंत्री श्री पटेल ने सभी को सकारात्मक मार्गदर्शन दिया और कहा कि ग्रामीण विकास सरकार की प्राथमिकता है, जिसके लिए हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। स्थानीय प्रतिनिधियों ने बताया कि मंत्री से हुई मुलाकात अत्यंत प्रेरणादायक रही। उनके मार्गदर्शन से ग्राम विकास की दिशा में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। मंत्री पटेल के आगमन पर ग्रामवासियों में उत्साह का माहौल रहा। इस अवसर पर संदीप सिंह डोंगर, कप्तान यादव, ग्राम पंचायत के सरपंच बलवीर सिंह मीणा, भाजपा मंडल महामंत्री खामखेड़ा, सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ग्रामवासियों ने मंत्री श्री प्रह्लाद पटेल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके स्नेह, सहयोग और मार्गदर्शन से क्षेत्र का सर्वांगीण विकास संभव होगा।

# लटेरी में गोपाष्टमी अन्नकूट महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ लटेरी



स्व. पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा स्मृति गौशाला, लटेरी में गोपाष्टमी अन्नकूट महोत्सव बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर श्री गौमाता पूजन एवं विशाल गौभक्त सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पं. सत्यनारायण शर्मा एवं दीपक कौशल ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गोपाल जी, गौमाता तथा स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सिरोंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक उमाकांत शर्मा, विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री जितेन्द्र सिंह पवार, बजरंग दल के प्रांत संयोजक अवधेश तिवारी एवं प्रांत गौसेवा प्रमुख नीलेश अग्रवाल ने गौसेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान विधायक उमाकांत शर्मा के करकमलों से मुंडेला रोड से गौशाला होते हुए शमशाबाद रोड तक बनने वाली 5 करोड़ 46 लाख रुपये की लागत वाली सड़क का भूमि पूजन भी किया गया, जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि गौसेवा केवल धार्मिक कर्तव्य नहीं बल्कि राष्ट्रसेवा और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प है। गौशालाएं हमारी संस्कृति की जीवित धरोहर हैं, जहाँ करुणा, सह-अस्तित्व और समर्पण की भावना पल्लवित होती है। इस अवसर पर गौसेवा में योगदान देने वाले सेवाभावियों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र सिंह राजपूत ने किया तथा आभार संजय अत्तू भंडारी ने व्यक्त किया।

महोत्सव में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और अन्नकूट प्रसादी का लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में रणधीर सिंह बघेल, भैरो सिंह जादौन, नगर परिषद अध्यक्ष शैलेश भंडारी, जनपद अध्यक्ष सीमा बृजमोहन कलावत, उपाध्यक्ष भूपत सिंह गुर्जर सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गौभक्त उपस्थित रहे।

## कांग्रेस पद का नहीं, बल्कि जनसेवा और संघर्ष का माध्यम: कंचन लता

# महिला कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए योग्य उम्मीदवार को लेकर हुई रायशुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत महिला प्रदेशाध्यक्ष विभा पटेल के निर्देश पर कांग्रेस प्रदेश महासचिव एवं पर्यवेक्षक कंचनलता शर्मा जिला मुख्यालय पहुंची, जहां उन्होंने महिला कांग्रेस अध्यक्ष पद को लेकर योग्य उम्मीदवारों के बायोडाटा लिए तथा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से रायशुमारी की।

इस अवसर पर उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए लगभग 7-8 नाम सामने आए हैं, जिन पर जिले के वरिष्ठ पदाधिकारियों से रायशुमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष पद योग्य महिला को ही सौंपा जाएगा, जो कि पार्टी के हित में निर्णय ले सके एवं सामंजस्य बिठाकर कार्य कर सके। उन्होंने आगे कहा कि महिला कांग्रेस अब महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया में सीधी भागीदारी दे रही है। आज की बैठक ने यह साबित कर दिया है कि महिला कांग्रेस ना केवल पद बांटने का माध्यम नहीं, बल्कि जनसेवा, संघर्ष, और उनके नेतृत्व का विद्यालय है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में सत्तारूढ़ डॉ मोहन यादव और केंद्र की सरकार ने महिलाओं के नाम पर योजनाएं तो ढ़ेर सारी चला रखी हैं। लेकिन जमीनी स्तर उनके लिए कोई फायदा नहीं दिया जा रहा है। अब महिला कांग्रेस सड़कों पर उतरकर उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ने लामबंद होंगी।



### गरीबों के साथ नाइंसाफी हो रही है

कार्यकारी अध्यक्ष पवित्रा कौर बोलीं महिला कांग्रेस आज महिलाओं के हक अधिकारों की सशक्त आवाज उभरकर आ चुकी है। राजधानी भोपाल सहित रायसेन जिले के आसपास जमीनें औने पौने दामों में खरीदकर अपना कारोबार स्थापित करने में जुटे हुए हैं। रायसेन के जनप्रतिनिधियों सहित नेता भी नहीं उनकी मदद करने में जुटे हुए हैं। काला धन खपाकर एक नंबर में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री मप्र छोड़कर अब बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार करने गए हैं। मप्र में किसान, गरीब दलित आदिवासियों के साथ खुलेआम नाइंसाफी की जा रही है। एमपी में कई बहनों के नाम लाड़ली बहना योजना से काट दिए गए हैं।

### भाजपा के जंगलराज से आमजन भी परेशान

एमपी में भाजपा के जंगलराज के कारण आमजन बेहद परेशान हैं। प्रदेश सरकार को रेत माफिया पत्थर माफिया हावी है वह तंत्र को चला रहे हैं। यह कहना था जिपं सदस्य चंदा चौहान का। जिपं सदस्य चंदा चौहान मीडिया कर्मियों से चर्चा करते हुए आगे कहा कि भ्रष्टाचार घूसखोरी चरम पर पहुंच चुका है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि एमपी में महिलाएं सुरक्षित नहीं है। नाबालिग बेटियां अस्मत तार तार हो रही हैं। किसान खुदकुशी करने को मजबूर हैं। क्षेत्रीय सांसद खेल महोत्सव में मस्त हैं।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर कांग्रेस पर्यवेक्षक कंचन लता शर्मा, जिपं सदस्य चंदा चौहान, महिला कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष पवित्रा कौर प्रभात चावला, रायसेन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, पार्षद अजिजा बी प्रीति लोधी, लक्ष्मी चंदेल उपस्थित थे।

# अवैध तरीके से पत्थर का उत्खनन खनन के लिए पहाड़ों पर ब्लास्टिंग

## नियम-कानूनों को ताक में रखे, लोगों की जान को खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



सांची जनपद पंचायत क्षेत्र के घाट पिपरिया भोजपुर टोला, सुंड (अजायब नगर), चांदना, मिर्जापुर पाली आदि जगहों पर सफेद पत्थर की खदानें संचालित हो रही हैं। अधिकांश राजस्थान से जुड़े ठेकेदारों के द्वारा 4.209 हेक्टेयर जमीन लीज पर ली गई है। जिस पर वैध अवैध पत्थर उत्खनन का कार्य चल रहा है।

माइनिंग विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की सरपरस्ती के चलते पत्थर ठेकेदार नियम-कानूनों को ताक में रखते हुए अवैध तरीके से पत्थर का उत्खनन कर रहे है।

### ब्लास्टिंग से लोगों को जान का खतरा.....

घाट पिपरिया के समीप एक केंद्रीय मंत्री के बड़े भाई और भोपाल विदिशा के ठेकेदारों की सफेद पत्थरों की खदानें धड़ल्ले से चल रही हैं। रायसेन तहसील के भोजपुर टोला के ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार अपनी मनमर्जी करते हुए पहाड़ का खनन करने में लगा हुआ है। गांव की बस्ती नजदीक होने की वजह से जहां पर ब्लास्टिंग की जाती है। उस जगह से ग्रामीणों का आना-जाना लगा रहता है और उनके मवेशी घूमते रहते हैं। लेकिन ठेकेदार को इन सब बातों से बिल्कुल भी मतलब नहीं है। वह अपने अनुसार दिन में किसी भी समय ब्लास्टिंग करवा देता है। जिससे वहां से गुजरने वाले लोगों को जान का खतरा बना रहता है।

### एक पशु की हो चुकी मौत

अभी कुछ समय पहले ब्लास्टिंग का पत्थर लगने से एक पशु की मौत हो गई थी और ठेकेदार ने ग्रामीणों को बिना सूचना दिए उसे गड्ढे में दफना दिया था। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने कोतवाली थाने में की थी। ठेकेदार के एक कर्मचारी द्वारा गाली गलौज करते हुए फावड़ा लेकर शिकायत करने वाले ग्रामीण युवकों को ठेकेदार की धौंस दे रहा था।

स्थानीय कांग्रेसी नेता ने पहाड़ ब्लास्टिंग से बौद्ध स्मारकों को नुकसान पहुंचने की आशंका व्यक्त की है। इस खदान के पुनर्विचार की मांग भी उठाई है। राजस्थान से आए पत्थर ठेकेदार खदानों में अवैध ब्लास्टिंग कर बेहिसाब पत्थरों की खुदाई कर ट्रकों से राजस्थान सहित बाहर के राज्यों में सप्लाई कर मोटी कमाई कर रहे हैं।

### जांच कारूंगा

खदानों से अवैध पत्थरों की खुदाई की सूचना मिली है। मैं जांच टीम मौके पर भिजवाकर जांच करूंगा। इसके बाद ही अग्रिम कार्रवाई ठेकेदारों पर कराई जाएगी।
- **महेंद्र पटेल,** जिला खनिज अधिकारी, रायसेन

## खबर संक्षेप

### विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी की मां का निधन

**रायसेन।** नवनियुक्त प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष, पूर्व कैबिनेट मंत्री व सांची के बीजेपी विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी को मातृ शोक हुआ है। उनकी 87 वर्षीय मां सुमित्रा देवी का गुरुवार दोपहर 3.30 बजे भोपाल एम्स में उपचार के दौरान निधन हो गया। मालूम कि स्थानीय विधायक डॉ चौधरी की मातुश्री सुमित्रा देवी चौधरी लंबे समय से बीमार चल रही थीं। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को रायसेन जिले की बेगमगंज तहसील स्थित पैतृक गांव बेरखेड़ी में किया जाएगा। उनके निधन की खबर मिलते ही भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों, नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त किया है। स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, पूर्व मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह, भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, जिपं अध्यक्ष यशवंत बबलू मीणा ने शोक व्यक्त किया।



### राज्यमंत्री नरेंद्र पटेल आज आएंगे रायसेन

**रायसेन।** स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल आज रायसेन में राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ एवं रन फोर यूनिटि कार्यक्रम में होंगे शामिल। बरेली उदयपुरा विस सीट के विधायक एवं प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल के 150वें जन्मोत्सव पर राष्ट्रीय एकता दिवस 31 अक्टूबर को रायसेन में आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ एवं रन फोर यूनिटि कार्यक्रम में शामिल होंगे। स्वास्थ्य राज्यमंत्री श्री पटेल 31 अक्टूबर को सुबह 7 बजे भोपाल से कार द्वारा प्रस्थान कर सुबह 8 बजे रायसेन स्थित पुलिस परेड ग्राउण्ड पहुचेंगे। यहां राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई जाएगी और रन फोर यूनिटी कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।



### तेज रफ्तार ट्रक ने कार में पीछे से मारी टक्कर

**सलामतपुर।** बीती रात तेज रफ्तार ट्रक ने कार में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे कार में बैठे दंपत्ती तो बाल-बाल बच गए लेकिन कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 के वाटिका रेस्टोरेंट के पास भोपाल की ओर जा रही कार एमपी 04 जेडडब्लू 8177 में सामने से तेज रफ्तार ट्रक एमपी 07 एचबी 6325 ने पीछे से टक्कर मार दी।

## पुलिस नें आरोपी को किया गिरफ्तार, देशी कट्टा जब्त

# आपसी विवाद में पति ने पत्नी को गोली मारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

बुधवार देर रात पति-पत्नी के बीच हुए विवाद में पति ने अपनी पत्नी पर देसी कट्टे से फायर कर दिया। गोली पत्नी के बाएं हाथ में लगी, जिसके बाद उसे गंभीर हालत में सिविल अस्पताल सिलवानी से भोपाल एम्स रेफर किया गया है।



डॉक्टरों के मुताबिक, महिला की हालत खतरे से बाहर है। पुलिस ने आरोपी पति राजेश राजपूत को गिरफ्तार कर लिया है और देसी कट्टा भी बरामद कर लिया है। आरोपी जनपद पंचायत सिलवानी में कम्प्यूटर ऑपरेटर का कार्य करता है।

जानकारी के अनुसार, सिलवानी के वार्ड 2 निवासी राजेश राजपूत (38) का बुधवार देर रात करीब 1 बजे अपनी पत्नी सुमन राजपूत 38 साल से आपसी विवाद हो गया। विवाद के दौरान राजेश ने सुमन को गोली मार दी, जो उसके बाएं हाथ में लगी। गोली की आवाज सुनकर उनके किराएदार जितेंद्र मेहरा मौके पर पहुंचे और घायल सुमन को सिविल अस्पताल सिलवानी पहुंचाया।

सिविल अस्पताल सिलवानी में प्राथमिक उपचार के बाद सुमन को भोपाल रेफर कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### आपसी विवाद में हुई घटना

सिलवानी एसडीओपी अनिल मौर्य ने बताया कि पति-पत्नी के आपसी विवाद में यह घटना हुई है। पुलिस ने घायल की रिपोर्ट पर आरोपी पति को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ बीएनएस की धारा के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने देसी कट्टा भी बरामद कर लिया है। गोली चलने की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

# शिव बापोली धाम में मनाई गोपा अष्टमी

## गाय धर्म का प्रतीक होने के साथ-साथ संस्कार और समृद्धि का आधार भी है: लाल बाबा जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

क्षेत्र के शिव धाम बापौली में गोपा अष्टमी के अवसर पर बड़े ही उत्साह के साथ गो पूजा का आयोजन किया गया। इस दौरान जम्मू वाले लाल बाबा ने गौशाला में गौ माता का विधिवत पूजा अर्चना की।

पूजन कार्यक्रम के दौरान भक्तों ने गो सेवा, भजन कीर्तन और आरती में हिस्सा लिया और रोली और चावल से गौ माता का पूजन किया। पंडितों ने मंत्रोच्चारण किया, जिसके बाद सभी गायों को गुड़ और लड्डू खिलाए गए। इस दौरान लाल बाबा ने कहा कि गौ माता केवल धर्म का प्रतीक नहीं बल्कि संस्कार और समृद्धि का आधार हैं। उन्होंने सभी भक्तों से गौसंरक्षण और सेवा का संकल्प लेने का आह्वान किया।



### फरार पशु तस्करी के 2 आरोपी हुए गिरफ्तार

**सलामतपुर।** पुलिस ने 3 साल पुराने पशु क्रूरता और तस्करी के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे दो आरोपियों को इंदौर से गिरफ्तार किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 30 अक्टूबर 2022 को पुलिस ने सड़क किनारे खड़े ट्रक में 14 गोवंश बेतहाशा क्रूरता पूर्वक रस्सियों से बंधे मिले। ड्राइवर मौके से फरार हो गया था।
जांच में सामने आया कि ट्रक मालिक शकील ने उक्त वाहन को लिखापढ़ी के माध्यम से अशोक प्रजापति पिता चतुर्भुज प्रजापति निवासी इंदौर और ओमप्रकाश पिता विनायक राव मराठा निवासी इंदौर को बेचा था। निशानदेही पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को इंदौर से गिरफ्तार कर गुरुवार को रायसेन न्यायालय में पेश किया।

# पुराने हाईवे से फोरलेन तक एक करोड़ की लागत से बनेगी सीमेंट कांक्रीट सड़क

## नगर परीषद अध्यक्ष हेमंत राजा भइया चौधरी ने सड़क निर्माण का किया भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर पंचायत द्वारा नगर के विभिन्न हिस्सों में प्रमुख मार्गो पर सीसी रोड का कार्य किया जा रहा है जेल और स्टेट बैंक के बीच से दाल मिल मोहल्ले की प्रमुख सडक़ जो सीधे फोरलेन को जोड़ती है एक करोड़ तीन लाख की लागत से बनने वाली सीसी रोड का नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी द्वारा भूमि पूजन कर शुरुआत की। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत वार्ड पार्षद श्रीमती शारदा शैलेंद्र पटेल सीएमओ हरिशंकर वर्मा सहित वार्ड 7, 8 के निवासियों की उपस्थिति रही



### सुगम होगा यातायात -

वेसे तो फोरलेन 45 से नगर को जोडऩे वाले अनेक मार्ग हैं, दालमिल मोहल्ले का यह प्रमुख मार्ग भी है मात्र 900 मी सीसी सडक़ का निर्माण हो जाने से पिपरिया मार्ग पर यातायात का दबाव कम होगा समीप भी कृषि उपज मंडी भी है, जहां किसानों का शीघ्र अपनी उपज लेकर पहुंचना भी आसान होगा।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी ने कहा कि नगर में विकास और निर्माण कार्य तेजी से चल रहे हैं जिनकी जानकारी देते हुए कहा की प्रमुख मार्गो को चौड़ा और सीसी मार्ग में निर्माण तेजी से किया जा रहा है। दाल मिल के प्रमुख निर्माणाधीन सीसी रोड के दोनों किनारो पर बना अतिक्रमण चर्चाओं का विषय बना हुआ है। कच्चे पक्के सडक किनारम के अतिक्र मण हटने से मार्ग चोडा और वाहनो की क्रासिगं सुविधा पूर्ण होगी।

# दीपावली मिलन समारोह में राज्यमंत्री पटेल की सह परिवार रही उपस्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

बुधवार की रात में पिपरिया रोड पर देवीका मैरिज गार्डन में भाजपा के जिला सह-कोषाध्यक्ष अवनीश पालीवाल द्वारा दीपावली मिलन समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। दीपावली मिलन समारोह में क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश के राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल सह परिवार सम्मिलित हुए और प्रयागराज से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत गीत संगीत कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया।

दीपावली मिलन समारोह में नगर के गणमान्य नागरिकों व्यापारियों विभिन्न संस्थाओं संगठनों के पदाधिकारी पत्रकारों के साथ महिलाओं की भी उपस्थित रही। सभी का अवनीश पालीवाल और उनके साथियों द्वारा स्वागत किया गया राज्य मंत्री पटेल एवं गणमान्य नागरिक द्वारा गायक कलाकार तिवारी बंन्धु का आत्मीय स्वागत किया।

### मंत्री पटेल ने संगीत संध्या का भरपूर आनंद उठाया



### मित्रों से खुलकर मिले स्वास्थ्य राज्यमंत्री पटेल

पहली बार विधायक चुने जाने के बाद नरेंद्र शिवाजी पटेल प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री भी बने हैं। मंत्री पटेल का बचपन बरेली में बीता और प्रारंभिक शिक्षा भी प्राप्त की दीपावली मिलन समारोह के दौरान मंत्री पटेल अपनी बचपन और मित्रों के साथ बचपन का स्मरण कर हंसी मजाक में व्यस्त रहे। बचपन के मित्रों द्वारा भी अपने बीच मंत्री पटेल को पाकर जमकर विभिन्न विषयों पर चर्चाएं की जाती रही।

## परिक्रमा लगाकर परिवार की खुशहाली सुख समृद्धि की कामना की

# अक्षय नवमीं पर महिलाओं ने की आंवला पेड़ की पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

गुरुवार को महिलाओं द्वारा अक्षय नवमी का त्यौहार पारंपरिक उल्लास और श्रद्धाभक्ति के माहौल में धूमधाम से मनाया। आंवले पेड़ की महिलाओं ने पूरे विधि विधान से पूजन की। महिलाओं ने सामूहिक रूप से आंवला पेड़ से सूत का धागा लपेटकर लगाई परिक्रमा। वहीं आंवला पेड़ के नीचे बैठकर भोजन किया। सामूहिक पूजन कार्यक्रम गंजबाजार, मिश्र तालाब घाट स्थित मंदिरों, गोपालपुर, रामपुर, दुर्गा मंदिर अर्जुन नगर परिसर में हुई।

आंवला नवमीं पर किए गए पुण्य कभी नष्ट नहीं होते, ऐसे में शहर भर में लोग विभिन्न धार्मिक कार्य कर अपने पुण्य को अक्षय बनाए रखने का प्रयास करते रहे। धार्मिक आयोजन भी इस दौरान बड़ी संख्या में किए गए। आंवला नवमीं पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आंवले के पेड़ की सामूहिक पूजा अर्चना की गई।

पूजन में शामिल हुई सरोज देवी, बबीता साहू, वंदना श्रीवास्तव, सावित्री बाई ने बताया कि आंवले के पेड़ पर कार्तिक मास में भगवान विष्णु मां लक्ष्मी और अन्य देवी देवताओं का वास होता है। आंवला भगवान विष्णु को काफी प्रिय है। इसलिए आंवला नवमी के दिन पेड़ के चारों तरफ धागा लगाकर विधि अनुसार पूजा अर्चना करते हैं और परिक्रमा करते हैं। इस पेड़ के नीचे बैठकर भोजन करने का भी महत्व बताया गया है। पेड़ के नीचे प्रसादी के रूप में ग्रहण किए गए भोजन का अक्षय फल मिलता है।




### आंवला नवमी पर महिलाओं ने की भगवान विष्णु की आराधना

**सिलवानी।** कार्तिक माह की नवमी तिथि पर मनाई जाने वाली आंवला नवमी का पर्व गुरुवार को नगर में आस्था के साथ मनाया। महिलाओं ने मंदिर परिसरों और पवित्र स्थलों पर जाकर आंवला वृक्ष की परिक्रमा कर भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की तथा परिवार की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की।

नगर के राम मंदिर जमनियापुरा, कांठिया मंदिर परिसर सहित कई अन्य स्थानों पर सुबह से ही महिलाओं की भीड़ देखने को मिली। महिलाओं ने श्रद्धा भाव से आंवला वृक्ष के नीचे दीप प्रज्वलित किए, फल-फूल अर्पित किए और विष्णु भगवान की आराधना की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, आंवला वृक्ष में भगवान विष्णु का वास होता है। मान्यता है कि अक्षय नवमी पर सभी देवी देवता आंवला वृक्ष में विराजमान होते हैं, इसलिए इस दिन आंवले की पूजा की जाती है।

# बूंदाबांदी होने से तापमान में गिरावट, किसान हुए चितिंत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

क्षेत्र में लगातार चार दिनों से धूप नहीं निकलने के कारण ठंड का असर बढ़ गया है। सुबह और शाम के समय ठंडी हवाएं चल रही हैं, जिससे लोगों को कंपकंपी महसूस हो रही है।
दिनभर आसमान में बादल छाए रहने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

### *मोंथा चक्रवात का दिख रहा असर*

*मोंथा चक्रवात के प्रभाव से आगामी 31 अक्टूबर, शुक्रवार तक जिले में कहीं हल्की तो कहीं रिमझिम बारिश की संभावना बनी हुई है। इसके अलावा 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा भी चल सकती है। मौसम में आए इस बदलाव से किसानों की चिंता बढ़ गई है। खेतों में खड़ी धान की फसल पर ठंड और नमी का असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। किसान जल्द मौसम साफ होने की उम्मीद कर रहे हैं, ताकि कटाई प्रभावित न हो। बेमौसम बरसात से खरीफ की फसलों पर विपरीत असर पड़ रहा है। क्षेत्र में रोपे गई धान की फसल पर प्रभाव पड़ा है।*